राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर 'ऑनलाइन हिन्दी शब्द-पहेली' और 'ऑनलाइन हिन्दी प्रश्नोत्तरी' का लोकार्पण

माननीय गृह राज्य मंत्री श्री किरेन रीजीजू ने राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर 'ऑनलाइन हिन्दी शब्द-पहेली' और 'ऑनलाइन हिन्दी प्रश्नोत्तरी' का लोकार्पण किया । सूचना प्रौद्योगिकी के मौजूदा दौर में इंटरनेट के माध्यम से हिन्दी की तरफ लोगों का रुझान बढ़ाने केलिए राजभाषा विभाग ने ये प्रतियोगिताएं शुरू की हैं । केंद्र सरकार की प्रेरणा और प्रोत्साहन की राजभाषा नीति के अनुसरण में इन ऑनलाइन हिन्दी प्रतियोगिताओं के माध्यम से केंद्र सरकार के कार्मिकों का हिंदी शब्द-ज्ञान बढ़ेगा और विभाग की वेबसाइट पर उन्हें नियमित रूप से आकर्षित किया जा सकेगा जिससे राजभाषा हिन्दी के प्रति उनकी रूचि और निकटता बढ़ेगी ।

राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर प्रत्येक सप्ताह हिन्दी प्रश्नोत्तरी के अंतर्गत बहु-वैकल्पिक प्रश्न (Multiple Choice Questions) अपलोड किए जाएंगे । इनमें राजभाषा नीति संबंधी, हिन्दी व्याकरण, वर्तनी एवं हिन्दी साहित्य संबंधी प्रश्न पूछे जाएंगे